# Series–C

Roll No.........................

Total No. of Questions–9] [Total No. of Printed Pages–15

**A–903–C–X–2325**

# HINDI

Time Allowed—3 Hours Maximum Marks—80

परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

**विशेष निर्देश :**

(i) अपनी उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के ऊपर बायीं ओर दिए गए वृत्त में प्रश्न-पत्र सीरीज अवश्य लिखिये।

(ii) प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न-संख्या प्रश्न-पत्र पर दर्शाई गई है, उत्तर-पुस्तिका पर वही प्रश्न-संख्या लिखना अनिवार्य है।

(iii) उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़िये।

(iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(v) सफाई (लिखाई/सुलेख) का विशेष ध्यान रखिये।

(vi) खण्ड-क में दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर उत्तरपुस्तिका में दी गई OMR Sheet पर ही दीजिए।

## खण्ड-क

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये: $16 \times 1 = 16$

(क) वर्णों के कितने भेद हैं?

(a) चार

(b) तीन

(c) दो

(d) पाँच।

(ख) जिस पर विश्वास किया जा सके।

(a) दयालु

(b) विश्वसनीय

(c) निर्दयी

(d) कृपण।

(ग) हिन्दी वर्णमाला में व्यंजनों की संख्या हैं?

(a) 44

(b) 33

(c) 11

(d) 13.

(घ) "न" का उच्चारण स्थान बताओ।

(a) कंठ

(b) तालु

(c) नासिका

(d) जिह्वा।

(ङ) पहली बस पकड़कर आ जाओ। वाक्य है

(a) सरल

(b) मिश्र

(c) संयुक्त

(d) उपरोक्त सभी।

(च) भाषा की सबसे छोटी इकाई को क्या कहते हैं?

(a) स्वर

(b) व्यंजन

(c) अयोगवाह

(d) वर्ण।

(छ) न्याय + आलय की सन्धि है।

(a) नायालय

(b) न्यायलय

(c) न्यायालय

(d) उपर्युक्त सभी।

(ज) घर के अन्दर चारपाई लाओ। (अव्यय बताइए)

(a) घर

(b) अन्दर

(c) चारपाई

(d) लाओ।

(झ) <u>सावधान!</u> आगे गड्ढ़ा है।

(रेखांकित पद का अर्थ)

(a) संज्ञा

(b) विशेषण

(c) निपात

(d) कालवाचक।

(ञ) सन्धि के भेद हैं।

(a) पाँच

(b) चार

(c) तीन

(d) दो।

(ट) "चारधाम" में समास है।

(a) द्विगु

(b) द्वन्द्व

(c) कर्मधारय

(d) तत्पुरुष।

(ठ) "मीन" का पयार्यवाची है।

(a) शिखि

(b) शायक

(c) मत्स्य

(d) विभावरी।

(ड) इनमें सही शब्द है।

(a) जाग्रित

(b) जाग्रीत

(c) जाग्रति

(d) जागृत।

(ढ) चौराहे पर पान खाने कौन रूकता था।

(a) हालदार साहब

(b) नगरपालिका अध्यक्ष

(c) मास्टर

(d) इनमें से कोई नहीं।

(ण) भगत के कितने बेटे थे?

(a) चार

(b) तीन

(c) एक

(d) दो।

(त) मुख्य गायक को ढ़ांढस कौन बंधाता है?

(a) संगतकार

(b) श्रोता

(c) दर्शक

(d) इनमें से कोई नहीं।

## खण्ड-ख

2. निम्नलिखित पठित गद्याँश के आधार पर पूछे गये किन्हीं **पांच** प्रश्नों के उत्तर यथासम्भव अपने शब्दों में दीजिए: 5×2=10

गाड़ी छूट रही थी। सेकेंड क्लास के एक छोटे डिब्बे को खाली समझकर, जरा दौड़कर उसमे चढ़ गए। अनुमान के प्रतिकूल डिब्बा निर्जन नहीं था। एक बर्थ पर लखनऊ की नवाबी नस्ल के सफ़ेदपोश सज्जन बहुत सुविधा से पालथी मारे बैठे थे। सामने दो ताजे-चिकने खीरे तौलिए पर रखे थे। डिब्बे में सहसा कूद जाने से सज्जन की आँखों में

एकांत चिंतन में विघ्न का असंतोष दिखाई दिया। सोचा, हो सकता है, यह भी कहानी के लिए सूझ की चिंता में हों या खीरे-जैसी अपदार्थ वस्तु का शौक करते देखे जाने के संकोच में हों।

नवाब साहब ने संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया। हमने भी उनके सामने की बर्थ पर बैठकर आत्मसम्मान में आँखें चुरा लीं। ठाली बैठे, कल्पना करते रहने की पुरानी आदत है। नवाब साहब की असुविधा और संकोच के कारण का अनुमान करने लगे। संभव है, नवाब साहब ने बिलकुल अकेले यात्रा कर सकने के अनुमान में किफ़ायत के विचार से सेकंड क्लास का टिकट खरीद लिया हो और वह गवारा न हो कि शहर का कोई सफ़ेदपोश उन्हें मँझले दर्जे में सफ़र करता देखे।...... अकेले सफ़र का वक्त काटने के लिए ही खीरे खरीदे होंगे और अब किसी सफ़ेदपोश के सामने खीरा कैसे खाएँ?

(क) प्रस्तुत गद्यांश के आधार लेखक और पाठ का नाम लिखिए।

(ख) गद्याँश के आधार पर अनुमान लगाकर बताएं कि कौन-गाड़ी को छूटता रेख सेकंड क्लास के छोटे डिब्बे में कैसे चढ़ गया?

(ग) गद्याँश को पढ़कर बताइएं कि लेखक के अनुमान के प्रतिकूल कौन, कहाँ पालथी मारकर बैठा था?

(घ) गद्याँश के आधार पर बताइए कि किसके, कहाँ अचानक कूद जाने से, किसकी क्या हुआ?

(ङ) गद्याँश को पढ़कर बताइएं कि लेखक किसको और क्यों अपदार्थ वस्तु कह रहा है?

(च) लेखक के अनुसार किसने किफ़ायत के विचार से किसका टिकट खरीद लिया?

3. निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिए: 5×2=10

कहिए जाइ कौन पै उधौ, नाहीं परत काही

अवधि अधार आस आवन कीं,

तन-मन विथा सही।

अब इन लोग संदेसनि सुनी-सुनी,

बिरहिनि विरह दही।

चाहति हुतीं गुहारि जिताहिं तैं,

उत्त तैं धार बही।

(क) वर्षों से गोपियों को क्या आस थी?

(ख) गोपियों ने अब तक व्यथा किस लिए सही थी?

(ग) योग की बातों का गोपियों पर क्या प्रभाव पड़ा?

(घ) 'धार बही' से क्या अभिप्राय है?

(ङ) कवि और कविता का नाम बताइए।

4. निम्नलिखित पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये: $3 \times 3 = 9$

(क) लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएं बताई है?

(ख) 'लखनवी अंदाज' शीर्षक पर विचार करते हुए अन्य शीर्षक बताइए।

(ग) पान वाले का रेखाचित्र लिखिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिए:

$2 \times 4 = 8$

(क) लेखक ने अणु बम द्वारा होने वाले व्यर्थ जीव-नाश का अनुभव कैसे किया?

(ख) लेखक ने बच्चों को जो घरौंदा बनाया है उसका वर्णन कीजिए।

(ग) भोलानाथ और उसके साथियों के खेल व खेलने की सामग्री आपके खेल व खेलने की सामग्री से किस तरह भिन्न है?

## खण्ड-ग

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर अपने शब्दों में लिखिये: 5

अपने विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए सूचना तैयार कीजिए।

अथवा

हिना व वन्दना की वार्षिक परीक्षा के विषय में हुई चर्चा का वार्तालाप रूप लिखिए।

अथवा

अपने विद्यालय में वन महोत्सव मनाने की सूचना दीजिए।

7. क्रिया किसे कहते हैं? इसके कितने भेद हैं? उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

अथवा

वाच्य किसे कहते हैं? इसके कितने भेद हैं? उदाहरण सहित वर्णन कीजिए। 2½,2½

8. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर अपने शब्दों में लिखिए: 2,3,2

नगरपालिका अध्यक्ष को मुहल्ले की सफाई के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।

अथवा

अपनी सहेली को ग्रीष्मकालीन अवकाश मे मनाली भ्रमण का निमंत्रण दीजिए।

9. निम्नलिखित दिये गये विषयों में से किसी **एक** विषय पर निर्देशित बिन्दुओं के आधार पर (200-250 शब्दों में) निबन्ध लिखिए: 2,2,2,2,2

(क) शिक्षा में खेलकूद का महत्व: भूमिका, खेलों का महत्त्व, मनुष्य का विकास, उपसंहार।

(ख) स्वतंत्रता दिवस: भूमिका, स्वाधीनता प्राप्ति के लिए संघर्ष, कैसे मनायें, उपसंहार।

(ग) हिमाचल के मेले: भूमिका, महत्त्व, मनाने का कारण, मनाने की विधि, उपसंहार।